# भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान
# ICAR-INDIAN INSTITUTE OF SPICES RESEARCH
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद Indian Council of Agricultural Research)
मेरिकुन्नु पी. ओ. Marikunnu P. O., कोषिक्कोड Kozhikode- 673 012


फा. नं. F. No. 9(7) (6)/2016 हिन्दी Hindi

दिनांक Dated: 21.09.2020

## परिपत्र CIRCULAR

हिंदी पखवाडा 2020 के संदर्भ में एक सार लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। प्रस्तुत प्रतियोगिता के लिए दिये गये हिंदी लेख का सार (अधिकतम 500 शब्दों में) एवं उसके लिए एक उचित शीर्षक के साथ **वाट्सएप नंबर 9446346305 में दिनांक 25.9.2020** को या उसके पहले भेज देना चाहिए। कृपया सार लेखन हेतु संलग्न लेख देख लें।

In connection with Hindi Fortnight 2020 an **Abstract Writing** competition is being organized. The participants have to submit the abstract of given article along with a suitable title to the whatsapp No. **9446346305 on or before 25th September 2020.** Kindly see the enclosed article for Abstract writing competition.

यह निदेशक द्वारा अनुमोदित हैं। This is issued with the approval of the Director.

लिजो तोमस Lijo Thomas
अध्यक्ष Chairman
हिन्दी पखवाडा समारोह समिति Hindi Fortnight Celebration Committee

आज का दौर ऐसा है जहॉ पहले कई सारे काम ऐसे थे जिनके लिए लोगों को बाहर जाना होता था, किंतु अब वे काम उनको मोबाइल फोन से हो जाता है। इसका सबसे बडा कारण हैं इंटरनेट। आज हर एक व्यक्ति इंटरनेट का उपयोग करता है। फिर चाहे उन्हें टेलिविज़न पर कुछ देखना ही क्यों न हो। अब कुछ लोग बिना ऐड के अपने मोबाइल फोन पर ही किसी भी समय यह देखना पसंद करते हैं। ऐसे में आपको बता दें कि इन टेलिविज़न शोज़ की जगह अब वेब सीरीज़ ने ले ली हैं। जिसके चलते ओटीटी प्लेटफॉर्म का निर्माण किया गया है। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये ओटीटी हैं क्या, तो आइए इसके बारे में आपको विस्तार से इस लेख में बताते हैं।

ओटीटी प्लेटफार्म ओवर  - द- टॉप प्लेटफार्म हैं, जो कि इंटरनेट के माध्यम से वीडियो या अन्य मीडिया से संबंधित कंटेंट को प्रदर्शित करता है। यह एक तरह के एप होते हैं जिसमें ये टेलिविज़न कटेंट एवं फिल्में दिखाई जाती है। इसके लिए ग्राहकों को इन ओटीटी प्लेटफार्म का सबस्क्रिप्शन लेना होता हैं और फिर उसमें वे जिस कटेंट को देखना चाहते हैं वह देख सकते हैं। ओटीटी प्लेटफार्म की लोकप्रियता सबसे पहले अमेरिका में बढ़ी थी, इसके बाद यह धीरे -धीरे सभी जगह फैल गई है और आने वाले कुछ समय में इसका बहुत ज्यादा उपयोग होने लगेगा। इसका उपयोग मुख्य रूप से वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफार्म, ऑडियो स्ट्रीमिंग, ओटीटी डिवाइसेस, वोइस आईपी कॉल एवं कम्यूनिकेशन चैनल मैसेजिंग आदि के लिए किया जाता है।

ओटीटी प्लेटफार्म की सर्वीसेज़ 3 प्रकार की होती है जिसकी जानकारी इस प्रकार है-

- ट्रांसक्शनल वीडियो ऑन डिमांड (टीवीओडी) :- ओटीटी प्लेटफार्म की इस टीवीओडी सर्वीस में यह सुविधा दी जाती हैं कि यदि ग्राहक अपने किसी पसंदीदा टेलिविज़न शो या फिल्म को एक बार देखना चाहते हैं, तो इसके ज़रिये वे किराए पर ये देख सकते हैं या इसे खरीदा भी जा सकता है। उदाहरण के लिए एप्पल आईट्यून्स आदि।
- सबस्क्रिप्शन वीडियो ऑन डिमांड (एसवीओडी) :- यदि ग्राहक वीडियो स्ट्रीमिंग कटेंट देखना पसंद करते हैं तो उन्हें इसके लिए सबस्क्रिप्शन लेना होता है, और सबस्क्रिप्शन के लिए उन्हें कुछ भुगतान करने की आवश्यकता होती है। बहुत से ऐसे प्लेटफार्म हैं जिसमें ग्राहक ओरिजिनल कटेंट देख सकते हैं। उदाहरण के लिए नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम आदि।
- एडवरटाइज़िंग वीडियो ऑन लाइन डिमांड (एवीओडी) :- इस ओटीटी सर्वीस में विज्ञापन मौजूद होते हैं। इसमें ग्राहक मुफ्त में कटेंट देख सकते हैं, लेकिन ये कटेंट देखने के साथ ही उन्हें बीच-बीच में एड्स भी देखने पड़ते हैं जोकि कोई भी वीडियो एड्स हो सकते हैं।

ओटीटी प्लाटफार्म में दी जाने वाली सर्वीसेज़ के फायदे

- जहॉ लोगों को टीवी शोज़ एवं फिल्में या कुछ भी पसंदीदा प्रोग्राम देखने के लिए केबल टीवी कनेक्शन या डीटीएच कनेक्शन की आवश्यकता होती हैं वहां अब लोग केवल इंटरनेट कनक्टिविटी का उपयोग करके अपने पसंदीदा शो जब चाहे तब देख सकते हैं।
- ओटीटी प्लेटफार्म पर लोग वेब सीरीज़, डॉक्युमेंटरी एवं जो भी कटेंट वे देखते हैं वह सब ओरिजिनल होते हैं। जोकि किसी प्लाटफार्म में नहीं होता है।

- कुछ ओटीटी प्लेटफार्म ऐसे हैं जोकि खुद के कटेंट या सीरीज़ बनाकर इसमें डालते हैं, ये अमेज़न प्राइम वीडियो एवं नेटफ्लिक्स जैसे कुछ ओटीटी प्लेटफार्म है।
- इस तकनीक के माध्यम से लोगों को काफी सुविधा हो गई है। क्योंकि लोग जब चाहे तब अपने पसंद के अनुसार एवं जो भी ओटीटी एप का उपयोग करना चाहें वह कर सकते हैं।
- आज के समय में लोग टीवी यानि टेलिविज़न के स्थान पर स्मार्ट टीवी, स्मार्ट फोन एवं टैबलेट जैसे डिवाइस घरीद रहे हैं इसका मुख्य कारण ओटीटी प्लेटफार्म ही हैं, क्योंकि लोग अब इन डिवाइस पर ओटीटी को कनक्ट करके उसमें ये शोज़ देख लेते हैं।
- ये ओटीटी प्लेटफार्म एप को लोग आसानी से अपने मोबाइल फोन या टेबलेट पर प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं और इसे अपनी स्मार्ट टीवी से कनक्ट कर अपने पसंद के शोज़ एवं फिल्में देख सकते हैं।
- ओटीटी का सबसे अच्छा फायदा यह है कि लोगों को इसके लिए इंतज़ार नहीं करना पड़ता, उन्हें जिस समय जो कटेंट देखना हो वह देख सकते हैं। यह इसकी सबसे खास बात हैं।
- अब ओटीटी प्लेटफार्म में बॉलीवुड की 2020 में आने वाली कुछ फिल्में भी रिलीज़ होने वाली हैं, जिससे लोगों को अपने घर में ही अपने परिवार के साथ ये मूवीज़ देखने का मौका मिलेगा।

भारत में लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफार्म कौन-कौन से हैं

भारत में सबसे ज्यादा लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफार्म इस प्रकार है-

- हॉटस्टार :- यह भारतीय बाज़ार में छाया हुआ वर्तमान में 400 मिलियन से भी अधिक मासिक आधार पर सक्रिय यूज़र्स के साथ डिस्नी के स्वामित्व वाला ओटीटी प्लेटफॉर्म है। यह विशेष रूप से लाइव स्पोर्ट्स प्रोग्रामिंग और गेम ऑफ थ्रोंस जैसे सुपरहिट शोज़ को प्रदर्शित करने के लिए लोकप्रिय है। यह प्लेटफार्म के कटेंट प्रदर्शित करता है उसे बिना सब्स्क्रिप्शन सर्वीस के भी देखा जा सकता है।
- नेटफ्लिक्स :- वीडियो स्ट्रीमिंग की सबसे ज्यादा लोकप्रिय कंपनी नेटफ्लिक्स सन 2016 में भारत आई। इसके आने के 4 महीने के बाद ओरिजिनल भारतीय सीरीज़ सेक्रेड गेम्स इसमें रिलीज़ हुई। इसके बाद तो भारत में सस्ते इंटरनेट प्लान, ओरिजिनल शो, रियलिटी टीवी सीरीज़, फिल्में रिलीज़ की गई और फिर इसमें सब्स्क्रिप्शन लेने की क्षमता में बढ़ोत्तरी होती गई।
- अमेज़न प्राइम वीडियो :- इस ओटीटी कंपनी ने भारत के अधिक ओरिजिनल भारतीय कटेंट के उत्पादन के लिए इसे क्षेत्रीय भाषा के साथ प्रदर्शित किया। जनवरी 2020 में अपनी यात्रा के दैरान अमेज़न के सीईओ जेफ़ बेजोस ने भारत में अमेज़न प्राइम वीडियो के निवेश को दोगुना करने की घोषणा की।
- ऑल्टबालाजी :- यह भारतीय कंपनी है जोकि एकता कपूर के बालाजी टेलिफिल्म्स की एक घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग सर्वीस है, जोकि भारत में टियर 2 और टियर 3 शहरों को टारगेट करती है। इस कंपनी को मुकेश अम्बानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड द्वारा समर्थित किया गया है।
- सोनीलिव :- डिस्नी द्वारा समर्थित हॉटस्टार के नक्शेकदम पर चलते हुए सोनी ने सन 2013 में अपनी खुद की ओटीटी सर्वीस शुरू की, और स्ट्रीमिंग मार्केट में कदम रखा। यह फिर तेज़ी से बढ़ने लगा। पिछले

साल इस एप के 100 मिलियन डाउनलोड पार हो गये। हॉटस्टार की तरह सोनीलिव ने भी भारत में विकास प्राप्त करने के लिए कई वैश्विक फुटबॉल टूर्नमेंट को लाइव स्पॉट्स प्रदर्शित किये। इसके साथ ही इसने गेमिंग और कुछ मिनी -गेम भी चलाए है।

- ज़ी 5 :- ज़ी 5 ओटीटी प्लेटफार्म सन 2018 में लांच हुआ था। यह 100k घंटों के ऑन-डिमांड कटेंट और 80 से अधिक लाइव टीवी चैनल का घर है। इस प्लेटफार्म की मुख्य विशेषता यह हैं कि यह विभिन्न भाषाओं को सपोर्ट करता है, और वोइस सर्च, लाइव टीवी के साथ ही और भी बहुत कुछ प्रदान करता है। जी5 इस साल के अंत तक बाइटडांसेज टिकटॉक लेने के लिए शोर्ट फार्म कटेंट एप हाइपरशॉट्स भी लांच करने जा रहा है।
- वूट :- सन 2016 में लांच किया गया बायाकॉम 18 's वूट ने अपने टीवी चैनल्स के बंच के साथ 45 हज़ार से भी अधिक घंटों के कटेंट को खरीद लिया। जिसमें कलर्स टीवी, एमटीवी, निकेलोडियन, बायाकॉम 18 मोशन पिक्चर्स और एमटीवी इंडीज शामिल है। यह भी विभिन्न भाषाओं के कटेंट प्रदान करता है।
- एमएक्स प्लेयर :- टाइम्स इंटरनेट द्वारा समर्थित एमएक्स प्लेयर ने फरवरी 2019 में 5 ओरिजिनल वेब सीरीज़ के साथ ओरिजिनल कटेंट का निर्माण किया। भारत के सबसे लोकप्रिय बीडियो स्ट्रीमिंग एप के रूप में नामित होने के बाद एमएक्स प्लेयर ने हाल ही में अपने वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर इन-एप गेमिंग फीचर ऐड किया है।

भारत का ओटीटी प्लेटफॉर्म में भविष्य

ओवर-द -टॉप मीडिया प्लेटफॉर्म विश्व स्तर पर हाल के सबसे ज्यादा ट्रेडिंग प्लेटफार्म हैं और इसमें भारत भी पीछे नहीं है। भारत में इसे एक शब्द ‘अवसर’ के द्वारा वर्णित किया जा सकता है। सन 2019 के अंत तक 150 मिलियन भारतीय सक्रिय रूप से वीडियो ओटीटी प्लेटफॉर्म का उपयोग करते थे। जिनमें से 50% 2 टियर शहरों के थे और यह दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसलिए विशेषज्ञों का भी यही कहना है कि आने वाले समय में भारत में ओटीटी प्लेटफॉर्म का बाज़ार बहुत ही अधिक यानी दोगुना बढ़ सकता है। अतः भविष्य में भारत में अधिकतर लोग इसी का उपयोग कर इसे और भी अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

इस तरह से आज ओटीटी प्लेटफॉर्म भारत के साथ ही दुनिया के कई हिस्सों में बहुत ही अधिक प्रसिद्ध हो गया है। इसमें अब बहुत ही फिल्में भी रिलीज़ होने लगी है।